श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
16.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष अष्ठमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 231

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:33 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
श्रीराम सेना ने निकाली भव्य भगवा बाईक शोभायात्रा >> पेज 03 | डिसीजन मेकर के रूप में उभरीं कल्पना >> पेज 04

## सुविचार

कर्म हमेशा संभलकर करने चाहिए, क्योंकि न किसी की बददुआ खाली जाती है और न किसी की दुआ

## न्यूज अपडेट्स

### जमीन कारोबारी से चेन और 50 हजार रु की लूट

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास जमीन कारोबारी संतोष कुमार दुबे से 15 ग्राम सोने की चेन और 50 हजार रुपये लूट लिए गए। पीड़ित कारोबारी ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जमीन कारोबारी संतोष कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि वह अपने रिलेटिव की पांच एकड़ जमीन बेचने के लिए आया था। दो युवक उसके पास पहुंचे और जमीन खरीदवाने और बेचवाने को लेकर बात की। साथ ही कहा कि हमें कमीशन कितना मिलेगा। बातचीत के क्रम में ही एक युवक ने जमीन कारोबारी के सिर पर हमला कर दिया और रुपये और सोने की चेन लेकर फरार हो गये।

### गंगा में नहाने गया युवक डूबा

**साहिबगंज।** जिले में सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सोमवार की सुबह का अर्घ्य देने चानन घाट पर गया एक युवक नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। पता चला है कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी राजू कुमार का पुत्र सागर कुमार (18) अपने कुछ दोस्तों के साथ छठ घाट पर पहुंचा था। इसी दौरान सभी दोस्तों ने मिलकर गंगा में नहाने का प्लान बनाया। इसके बाद सभी गंगा नदी में उतरे। नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। युवक के गंगा में डूबने की सूचना जैसे ही मिली, मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी।

### बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

**मेदिनीनगर।** पुश्तैनी जमीन बेचे जाने से नाराज एक बेटी ने अपने पिता की जान ले ली। पंखे के रॉड से पिता की जमकर पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकलदीपा पंचायत के चांपी गांव की है। पुलिस के अनुसार कृष्णा भुइयां की हत्या उसके मंझले बेटे रिकेश भुइयां (21) ने पंखे के रॉड से मारकर कर दी।

## चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी

# चार उग्रवादी गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे।इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है।



चतरा एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पिपरवार एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाइवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टण्डवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की टीम ने लगातार छापामारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टण्डवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कम्पनी के हाइवा वाहन में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है। साथ ही ये भी पता चला है कि नये लड़कों को संगठन में शामिल किया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पश्चिम सिंहभूम में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**चाईबासा।** भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान चाईबासा पुलिस को सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में तीर बम, आइईडी, प्रिंटर आदि भारी तादाद में समान बरामद किया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सोमवार को अभियान के दौरान टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम हुसीपी के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र से पुराने नक्सली डम्प से भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य समान बरामद की गयी है। बरामद समान में दो प्रिंटर, मल्टी डीवीडी राइटर, लाल बैनर कपड़ा, अमोनियम नाइट्रेट 5 पैकेट (कुल 1 किलो प्रत्येक पैकेट-5 किलो), एमसील पैकेट 50 पैकेट, एमसील बड़ा पैकेट 5 पैकेट (कुल 25 किलो प्रत्येक 500 ग्राम), डेटोनेटर नॉन इलेक्ट्रिक कमर्शियल-09, सल्फर पाउडर 1 किलो, गन पाउडर कुल 2 किलो, केन (कंटेनर 5 लीटर क्षमता, भरा हुआ)-1, केन (20 लीटर क्षमता) गन पाउडर से भरा हुआ-1, लोहे के टुकड़े 1 किलोग्राम, सिरिंज 10, तीर बम 21, पेट्रोल- 2 लीटर, मिक्सर ग्राइंडर 1 छोटे जार के साथ, सेफ्टी पिन 100 पीस, स्विच 2 पीस, वोल्ट की बैटरी, छोटा एल्युमीनियम पाइप, प्लास्टिक पाइप, वायर कटर व अन्य दैनिक उपयोग की सामान शामिल है।

# लातेहार में आठ आईईडी बम बरामद



### नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया।

एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

## सूर्य भगवान को अर्घ्य देने जा रहे तीन लोगों की हादसे में मौत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में लोक आस्था के पर्व चैत छठ पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ के शिव मंदिर के पास हुआ। यह लोग भगवान भास्कर को सोमवार सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्घ्य देने जा रहे लोगों को



तालाब लेकर जा रहे एक वाहन ने सड़क की दूसरी ओर जा रहे बालू लदे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। कई लोगों की हालत गंभीर है। रातू पुलिस थाने के निरीक्षक शशिभूषण चौधरी ने हादसे की पुष्टि की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए दी अर्जी, ईडी की विशेष अदालतमें सुनवाई आज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी है। सोमवार को सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में याचिका दाखिल की है। मामले में कोर्ट



मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

## रांची में भूमिगत जल स्तर के प्रतिवर्ष नीचे जाने पर हाई कोर्ट गंभीर

# संबंधित सभी विभागों से मांगा सुझाव

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और आईएसएम धनबाद की ओर से रांची सहित झारखंड के जिलों में भूमिगत जल की रिपोर्ट दाखिल की गई। बताया गया कि रांची सहित पूरे झारखंड में भूमिगत जल का स्तर प्रतिवर्ष नीचे जा रहा



है इसलिए भूमिगत जल कैसे रिचार्ज रहेगा, इस पर मंथन करने की जरूरत है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि भूमिगत जल स्तर का प्रतिवर्ष नीचे जाना चिंता का विषय है, राजधानी झारखंड में भूगर्भ जलस्तर दुरुस्त रखने का हर संभव प्रयास सरकार करे।

कोर्ट ने भूमिगत जल के नीचे जाने पर जल संसाधन विभाग, नगर विकास विभाग सहित संबंधित विभाग, केंद्रीय भूजल बोर्ड, मामले के एमिकस क्यूरी को संयुक्त रूप से मिल कर एक सुझाव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट के आलोक में राज्य सरकार से पूछा है कि कांके डैम एवं गेतलसूद डैम में क्या जलकुंभी लगी हुई है? अगर जलकुंभी है तो इसे अविलंब हटाया जाये। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से रिपोर्ट दायर कर बताया गया कि रांची में अत्यधिक आबादी, पिछले 50 साल में तालाबों के अस्तित्व समाप्त होने, वर्षा कम होने आदि के कारण जलस्तर नीचे की ओर जाता जा रहा है।

सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि नगर निगम ने भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बनाये हैं। इसके साथ 300 स्क्वायर मीटर या उससे अधिक के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाना जरूरी है।

## मोदी की आज बिहार व प. बंगाल में चार स्थानों पर जनसभा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में 400 पार के अपने लक्ष्य के साथ आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज के चुनावी दौरे का ब्यौरा भाजपा ने एक्स हैंडल पर साझा किया है। भाजपा के एक्स हैंडल के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी आज सबसे पहले बिहार के गया में भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जनसभा सुबह 10 बजे होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर 12:30 बजे बिहार के ही पूर्णिया में



पार्टी की जनसभा में लोगों से आशीर्वाद मांगेंगे। भाजपा के अनुसार, पार्टी के शीर्ष नेता मोदी बिहार में प्रचार करने के बाद पश्चिम बंगाल पहुंचेंगे। वो सबसे पहले दोपहर 2:30 बजे बालुरघाट में भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद सवा चार बजे रायगंज पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायगंज में आयोजित जनसभा में लोगों से भाजपा को जिताने के लिए आशीर्वाद मांगेंगे।

# विषम परिस्थितियों में सत्कर्म एक कवच की तरह कार्य करता है : प्रपन्नाचार्य



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चल रहे रामकथा में अयोध्या निवासी पूज्य संत श्री बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी ने राम जी के बाल चरित्र का एवं राम विवाह का सुन्दर एवं सारगर्भित वर्णन किया। इस दौरान राम विवाह के अवसर पर बच्चों के द्वारा सुंदर झांकी के साथ गढ़देवी मन्दिर से बारात निकाली गई। पुष्प वृष्टि द्वारा झांकी तथा नाच गान कर रहे बारातियों का स्वागत किया गया तथा पूरी हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि भगवान सदाशिव ने केवल सती के शरीर का ही त्याग नहीं किया वरन श्रीराम की सेवा के लिये स्वयं के शरीर का भी त्याग कर दिया। वानररूप हनुमान बनकर भगवान शंकर ने श्री रामजी व उनके परिवार की ऐसी सेवा की, आज भी कर रहे हैं और भविष्य में भी अनन्तकाल तक करते रहेंगे। वे काकभुशुण्डिजी के साथ बहुत समय तक अयोध्या की गलियों में घूम-घूमकर आनन्द लूटते रहे। एक बार शंकर जी काकभुशुण्डि को बालक बनाकर और स्वयं त्रिकालदर्शी वृद्ध ज्योतिषी का वेष धारणकर शिशुओं का फलादेश बताने के बहाने अयोध्या के रनिवास में प्रवेश कर गये। श्रीराम की शिशुक्रीड़ा देखकर परमानन्द में डूबे भोलेनाथ माता कौसल्या ने जैसे ही शिशु श्रीराम को ज्योतिषी की गोद में बिठाया तो शंकरजी का रोम-रोम पुलकित हो उठा। प्रपन्नाचार्य जी ने अपने भजनों के माध्यम से कहा कि अपने जीवन मे सुकृत अर्जित करना चाहिये। सत्कर्म अनिष्ट से हमारी रक्षा करता है। विषम परिस्थितियों मे सत्कर्म एक कवच की तरह कार्य करता है। मनुष्य को हमेशा सत्कर्म की ओर प्रवृत होना चाहिये। मौके पर द्वारकानाथ पाण्डेय, दिलीप पाठक, राजन पाण्डेय, चंदन जायसवाल, अवधेश कुशवाहा, मनीष कमलापुरी, दिलीप श्रीवास्तव, श्रीपति पाण्डेय, अमित पाठक, नितेश कुमार, दीनानाथ बघेल, गुड्डू हरि आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### कक्षा में छात्र को डंसा सांप, मौत

**मेराल :** प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय बिकताम में सोमवार को एक छात्र की मौत क्लास रूम में सांप के डंसने से हो गई। जानकारी के अनुसार बिकताम गांव निवासी तासीर अंसारी का पुत्र तौकीर अंसारी 11 वर्ष जो चतुर्थ वर्ग का छात्र था। विद्यालय में प्रार्थना के बाद सभी बच्चे के साथ तौकीर अपने वर्ग कमरा में बैठा था कि कमरा के अंदर स्थित बिल से एक जहरीला सर्प निकल कर डंस लिया, जिससे वह घायल हो गया। आनन-फानन में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उसे इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने तौकीर की नाजुक स्थिति को देखते हुये तुमागाड़ा हॉस्पिटल के लिये रेफर कर दिया। तुमागाड़ा हॉस्पिटल जाने के दौरान रास्ते में ही तौकीर ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि छात्र के परिजनों को अस्पताल भेजने के बाद जानकारी दिया गया। तौकीर के मौत होने पर गुस्साये परिजन एवं ग्रामीणों ने विद्यालय पहुच कर शिक्षकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की लापरवाही के कारण स्कूल का रख रखाव सही ढंग से नहीं रहने के कारण यह घटना घटी है।

## सियासत ▶ मीरा की कृष्ण भक्ति ने दर्शकों का भी मोह लिया मन

# कलाकारों ने लगाये ठुमके

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर परिसर में चल रही रासलीला के छठे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त मीराबाई की भक्ति लीला का मंचन किया गया। वृंदावन के कलाकारों द्वारा बड़े ही सुन्दर ढंग से लीला मंचन में दिखाया गया कि राज परिवार में जन्मी मीराबाई के बाल मन में लड्डू गोपाल की ऐसी छवि बसी थी कि यौवन काल से लेकर अंत समय तक बसी रही। एक दिन नगर में विद्वान संत के आगमन और उनके द्वारा प्रवचन कहे जाने की सूचना पर अपनी मां के संग पहुंची मीरा की नजर जैसे ही संत के बगल में आसन पर विराजमान लड्डू गोपाल पर पड़ी तो मीरा ने उन्हें लेने की जिद करने लगी। संत के मना करने पर मीरा ने अनशन शुरू कर दी और कहा की जबतक मेरे लड्डू गोपाल मुझे नहीं मिल जाते तब तक अन्न जल ग्रहण नहीं करूंगी। मीरा के प्रेम को देख कर भगवान श्री कृष्ण संत के स्वप्न में लड्डू गोपाल को मीरा को देने अन्यथा उनसे दूर चले जाने की बात कहते हैं। स्वप्न के बाद संत ने लड्डू गोपाल को मीरा के हाथों में दे देते हैं। इस दौरान मैं तो कहूंगी बजा के ढोल गिरिधर मेरो है, मीरा के प्रभु गिरिधर नागर आदि भजन पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शक श्रद्धालु भी मस्ती में मग्न होकर खूब तालियां बजाए। इससे पहले बाल्य अवस्था में ही मीरा का विवाह मेवाड़ के सिसोदिया राज परिवार में राणा सांगा के पुत्र भोजराज से कर दिया गया था। वर्षों बाद जब भोजराज अपनी पत्नी मीरा को लेने पहुंचा तो मीरा ने जाने से मना कर दिया। परिवार वालों के जोर देने पर वह फूट फूटकर रोने लगी और विदाई के समय लड्डू गोपाल की मूर्ति अपने साथ ले गई। कुछ वर्षों बाद ही पति का देहांत हो गया। मीराबाई के कृष्ण प्रेम को देखते हुये लोक लाज की वजह से ससुराल वालों ने मीरा को मारने के लिये कई चालें चली पर सब विफल रहीं। मीराबाई ने भक्ति को एक नया आयाम दिया, एक ऐसा स्थान जहां भगवान ही इंसान का सब कुछ होता है। दुनियावी लोभ, मोह से कभी विचलित नहीं हुई। एक अच्छा खासा राजपाट होने के बाद भी मीराबाई वैरागी बनी रहीं। मंच का संचालन अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया।

### रमना में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**रमना :** रामनवमी पर्व को लेकर एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर रमना थाना प्रभारी असफाक आलम के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर असफाक आलम ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बल के साथ पैदल मार्च निकालकर स्थानीय लोगों में सुरक्षा का अहसास दिलाया जा रहा है। फ्लैग मार्च रमना थाना परिसर से निकल कर विशुनपुरा मोड़, मुख्यपथ, चटनिया, सर्वेश्वरी चौक, हरिगणेश मोड़, शहीद भगत सिंह चौक, रमना बजार और स्टेशन रोड़ होते थाना परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान दुकानदारों व आस पास मौजूद लोगों से कहा गया कि अनावश्यक भीड़ से परहेज करने की आवश्कता है। संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु को देखते ही पुलिस को सूचना दे। कोई भी व्यक्ति किसी के साथ अभद्रता कर या इंटरनेट मीडिया पर आपंति पोस्ट कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो वह गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। चौक चौराहे पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि आवागमन बाधित होने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर थाना प्रभारी असफाक आलम के साथ सभी पुलिस पदाधिकारी, थाना के जवान और प्रखंड सह अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के सदस्य सम्मानित



**मेदिनीनगर :** श्री रामचरित मानस यज्ञ समिति रजवाडीह की ओर से आयोजित यज्ञ में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष अनिल दुबे, प्रदीप दूबे, सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, विकास दूबे, गोपाल पाण्डेय विक्रांत त्रिपाठी समेत दर्जनों युवा वाहक उपस्थित हुये। युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी ने परशुराम सेना द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक सनातन धर्म के लिये सर्वस्व न्योछावर करने वाले अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय के नेतृत्व में यज्ञ के अलावा मंदिर निर्माण एवं अन्य समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का कार्य निरंतर कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने सभी विप्र बंधुओं को संगठन से जुड़ने का आह्वान करते हुये हर समय तन-मन-धन से जरूरत पड़ने पर मदद करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, संरक्षक रतन कुमार पाण्डेय, यज्ञ समिति के स्वागताध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सत्यवान पाण्डेय ने किया। अंत में मानस यज्ञ समिति ने युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर इश्वरी चंद्र पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय, दिनेश चंद्र पाण्डेय, गिरींद्र पाण्डेय, नरेंद्र पाण्डेय, नितिन पाण्डेय, प्रभात रंजन पाण्डेय, देवेंद्र पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, मिथिलेश पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, रितेश पाण्डेय, पवित्र नारायण पाण्डेय उपस्थित थे।

### संकल्प पत्र में सभी वर्ग के लिए बनी है कार्य योजना : वीडी राम




**मेदिनीनगर :** सांसद सह पलामू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, विधायक आलोक चौरसिया और पुष्पा देवी, वरीय नेता श्याम नारायण दूबे व परशुराम ओझा आदि ने मेदिनीनगर में सोमवार को भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। उस मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र केवल चुनावी घोषणा-पत्र नहीं बल्कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनने जा रही सरकार की कार्य-योजना है। इसे सभी लोकसभा क्षेत्र से आये सुझाव पर मंथन करने के बाद तैयार किया गया है। पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्र से करीब 4000 सुझाव पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पहुंचा था। सांसद ने कहा कि अगर जनता तीसरी बार उन्हे पलामू का प्रतिनिधित्व करने का मौका देती है तो उनका प्रयास निमार्णाधीन सभी योजनाओं को तेजी से पूरा कराना तथा पलायन की समस्या का स्थाई निदान निकालने के लिए रोजगार के बड़े अवसर विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी-2024 की अपील फिर एक बार मोदी सरकार है। संकल्प पत्र में सभी वर्ग के लिए कार्य-योजना बनाई गई है। देश की 80 करोड़ जनता को गरीबी से बाहर निकालने के लिए अगले पांच साल तक उन्हे पांच किलोग्राम नि:शुल्क अनाज देने और किसानों के खाते में प्रतिवर्ष सम्मान निधि की छह हजार रुपये दिये जाते रहने का संकल्प है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क इलाज की सुविधा देने, महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, एनिमिया आदि की इलाज की विशेष व्यवस्था देने, सामाजिक सुरक्षा के दायरे में सभी चालकों को लाने, कोल्ड स्टोरेज को बढ़ावा देने, महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ विधानसभा व लोकसभा में देने का संकल्प व्यक्त किया गया है।

### मतदान में दिव्यांगजनों की मदद करेगा सक्षम एप्प : डीसी

**मेदिनीनगर :** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला प्रशासन प्रयासरत है। इसी के तहत दिव्यांगजनों को कोई परेशानी नहीं हो इसे लेकर भारत निर्वाचन आयोग अथक प्रयास कर रही है। मतदान करने हेतु दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आयोग द्वारा सक्षम एप्प विकसित किया गया है। सक्षम एप्प दिव्यांगजनों को मतदान के लिए पंजीकरण करने, अपना मतदान केंद्र को खोजने और वोट डालने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करेगी। डीसी शशि रंजन ने कहा कि पलामू लोकसभा के दिव्यांग मतदाता सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर आसानी से मतदान कर सकेंगे। आयोग हर संभव प्रयास कर रही है कि दिव्यांगों को मतदान करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। देश का हर दिव्यांग नागरिक भी अपने-अपने बूथों पर जाकर आसानी से मतदान कर सकें और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सक्षम एप्प को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

### फर्जी एनएससी के जरिये लोन लेकर गबन मामले में एक गिरफ्तार

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** पुलिस ने फर्जी एनएससी के जरिये लोन लेकर गबन मामले में नामजद अभियुक्त अंकित कृष्णात्रेय को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने उसे रांची से गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि इंडियन बैंक गढ़वा के पूर्व ब्रांच मैनेजर राहुल कुमार चौबे ने पिछले माह गढ़वा थाने में अंकित कृष्णात्रेय, राकेश कुमार तिवारी, नीरज कुमार पाठक, मंगलमूर्ति तिवारी एवं विकेश कुमार तिवारी के विरुद्ध सोची समझी साजिश के तहत फर्जी एनएससी के जरिये धोखाधड़ी कर लोन लेने संबंधी एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की छानबीन के बाद पुलिस ने अंकित को गिरफ्तार किया है।

### 8935 निबंधित सक्रिय मनरेगा मजदूरों में केवल 266 मजदूरों को मिल रहा कार्य

**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड में मनरेगा मजदूरों को कार्य नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण उनके समक्ष पलायन की स्थिति बन गई है। प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या 8935 है। जिसमें केवल 266 मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। भंडार पंचायत में जहां 960 सक्रिय निबंधित मजदूर हैं उनमें केवल 14 मजदूर काम कर रहे हैं। इसी तरह बघमनवां पंचायत के 978 में 117, गुरी 1015 में 15, घासीदाग 1586 में 9, गुरहा 660 में 2, लालगढ़ 471 में 4, केतात 500 में 0, सिगसीगी 1049 में 24, तोलरा 831 में 52 और पंजरीकला पंचायत में 729 में 29 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराये गये हैं। बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत प्रखंड में 240 कूप कराया जाना है। इसमें प्रत्येक पंचायत को 24-24 कूप का खुदाई का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य के अनुरूप 231 कूप ऑनलाईन प्रविष्ट है। सभी पंचायत को मिलाकर 32 कूप निर्माण कार्य चल रहा है। घासीदाग पंचायत जहां 64 डोभा स्वीकृत है। लेकिन ऑन रिकॉर्ड किसी भी योजना में कार्य नहीं चल रहा। 64 डोभा और 24 कूप स्वीकृत है। पर 1586 मजदूरों में केवल 9 मजदूर को रोजगार दिया गया है। 15 से 20 जून के बाद सरकार के द्वारा मिट्टी वर्क पर रोक लगा दिया जाता है। ऐसे में मजदूरों को रोजगार कैसे मिलेंगे। वहीं बीपीओ प्रभात कुमार ने बताया कि मजदूर कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगर मजदूर कार्य का मांग करें तो उन्हें कार्य उपलब्ध कराया जायेगा। क्षेत्र का अधिकांश निबंधित मजदूर बाहर मजदूरी करने जाते है। मजदूरों की माने तो उनका कार्ड का उपयोग केवल भुगतान के लिये किया जाता है। ऐसे तो अधिकांश कार्य मशीन से ही करा दिया जाता है। अगर मस्टरोल की जांच करा दी जाय तो सबसे बड़ा घोटाला यही होगा।

## हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का आयोजन

# कबिसा में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**बंशीधर न्यूज**



**रमना :** प्रखंड के कबिसा स्थित विश्वजित पहाड़ी पर नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञाचार्य श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना के बाद शंखनाद के साथ यजमान सुशील पांडेय व धर्मपत्नी श्यामलावती देवी के नेतृत्व में कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में शामिल होकर सुखड़ा नदी स्थित शिव मंदिर पहुंचे। यज्ञ स्थल से सैकड़ो महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने कलश को लेकर विश्वजीत पहाड़ी मंदिर परिसर से चलकर कबिसा, भागोडीह, मड़वनिया, मानदोहर व रमना होते हुये सुखड़ा नदी स्थित शिव मंदिर पहुंचे। जहां विधिवत जल पूजन के बाद कलश में जल भर कर श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुये पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार व शंखनाद के साथ मुख्य कलश को यज्ञ स्थल में स्थापित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे हर-हर महादेव, जय श्री राम, जय बजरंग बली जय माता दी आदि देवी देवताओं के जयकारों से पुरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। वहीं मुख्य कलश के स्थापना के बाद ध्वनि तोरण से निकलने वाले वैदिक मंत्रोच्चार व शंखनाद की गुंज से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से आध्यात्मिक शक्ति बढती है। वहीं वैदिक मंत्रोचारण व हवन से वातावरण को शुद्धि मिलती है। सोमवार को जल यात्रा के बाद मंगलवार को अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास एवं परमकुटीधिवास, महास्थान व नेत्रोउन्मीलन कार्यक्रम संपन्न होगा। जबकि बुधवार को न्यास प्रकरण हवन, निद्रा देवी, वाहन पूजन, आरती तथा महाप्रसाद वितरण के साथ तीन दिवसीय यज्ञ संपन्न होगा। वहीं दूसरी तरफ आयोजित तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर कबीसा समेत आस पास के गांवों में उत्साह का माहौल है। कलश यात्रा में राकेश कुमार पांडेय, अभिषेक पांडेय, रिंकू पांडेय, पारस पांडेय, अकित पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, कृष्णमणिधर दूबे, उदित नारायण पांडेय, विनोद पांडेय, अयोध्या यादव व राजा राम सहीत कई लोग शामिल थे।



# पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये वनों की सुरक्षा आवश्यक : डीएफओ

## डीएफओ ने ग्राम वन सुरक्षा व प्रबंधन समिति के सक्रिय सदस्यों के साथ बैठक

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड के सलसलादी गांव के दामर टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को ग्राम वन सुरक्षा व प्रबंधन समिति के सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित डीएफओ ई वी अब्राहम ने उपस्थित सभी सदस्यों को वन की सुरक्षा व प्रबंधन के सबन्ध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये वनों की सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमसबों का कर्तव्य है कि आपसी समन्वय बनाकर वन की सुरक्षा करें। साथ ही उन्होंने उपस्थित सदस्यों व ग्रामीणों को आग से जंगल को बचाने, महुआ चुनने के क्रम में महुआ के पेड़ के नीचे पत्तियों में आग नहीं लगाने, जलती हुई सिगरेट, बीड़ी व अन्य ज्वलनशील पदार्थ को वनों में नही फेंकने, वनों के अतिक्रमण, पातन व खनन को रोकने में सहयोग करने तथा वनों को बचाने में सहयोग करने का संकल्प दिलाया। बैठक की अध्यक्षता नवीजान अंसारी ने की। बैठक में वनरक्षी अजीत कुमार गुप्ता, ग्राम वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, जोखन कुमार पटेल, अलीम अंसारी, संदेश पासवान, रामानंद राम, भिखारी राम, दुखहरन पासवान, मुनेश्वर पासवान, ओमप्रकाश पासवान, सत्येन्द्र पासवान, विनय पासवान, रामवृक्ष राम, प्रसाद चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सातवीं की छात्रा की प्रेमी ने की हत्या, गिरफ्तार

**भंडरिया :** भंडरिया थाना क्षेत्र के भेजरिया गांव स्थित एक नवनिर्मित मकान के बरामदे में गांव के ही स्व रामराज भुईयां की 15 वर्षीया नाबालिग पुत्री किरण कुमारी का शव पाया गया। वह गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा थी। घटना रविवार रात्रि की बताई जाती है। सोमवार की सुबह किरण का सब बरामद किया गया। घटनास्थल से महज 300 मीटर की दूरी पर मृतका का घर स्थित है। घटना की सूचना तत्काल भंडरिया थाने को दी गई। भंडरिया पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी लेते हुये शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण प्रेम प्रसंग में उक्त लड़की की हत्या करने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। भंडरिया पुलिस ने संदेह के आधार पर भंडरिया थाना क्षेत्र के मरदा गांव के टोला पचफेड़ी निवासी तेतरु सिंह के पुत्र पितरूस ऊर्फ नागेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

**रामनवमी** जय श्री राम के जयघोष से गुंजा श्री बंशीधर नगर

# श्रीराम सेना ने निकाली बाईक शोभायात्रा

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** श्रीराम सेना की ओर से रामनवमी व वासंतिक नवरात्र के अवसर पर सोमवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य भगवा बाईक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रक्सा गांव स्थित लालाबागी हनुमान मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन कर शुरू किया गया। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से चलकर शोभायात्रा मेनरोड से चेचरिया, पंचमुखी मंदिर, सूर्य मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर होते हुये शहर के दक्षिण मोहल्ला से सब्जी बाजार के रास्ते मेनरोड पर आया, यहां से बाजार का भ्रमण करते हुये अहिपुरवा मोड़, हेन्हो मोड़, भवनाथपुर मोड़, जंगीपुर मोड़, उसका कला गांव से पाल्हे कला गांव स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर जाकर वापसी में बस स्टैंड आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल लोग जय श्रीराम, जय हनुमान, हर हर महादेव, जय भवानी, भारत माता की जय आदि जयघोष करते चल रहे थे। श्रीराम भक्तों के जयघोष से शहर से लेकर गांव तक का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, कामेश्वर प्रसाद, अजय प्रसाद, हृदयानंद प्रसाद कमलापुरी, संजीत कुमार उर्फ छोटू, वीरेंद्र प्रसाद, कमलेश मेहता, नीरज जायसवाल, अमित कुमार उर्फ गुड्डू, गोपाल प्रसाद जायसवाल, मिंटू प्रसाद, सेनाध्यक्ष रजनीकांत मधुर, सचिव ऋतुराज जायसवाल, उपाध्यक्ष नित्यानंद कुमार, दिनेश गुप्ता, अजीत केशरी, सूरज कुमार, मनीष कुमार, विवेक जायसवाल, अनूप निराला, बंगाली सिंह, पप्पू सिंह, सुशील कुमार, रवि प्रकाश बब्लू, ओम प्रकाश चौबे, विद्या भास्कर, सुमित कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त शामिल थे।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील



**श्री बंशीधर नगर :** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने रामनवमी को लेकर सोमवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च रक्सा गांव स्थित लालाबागी से प्रारंभ होकर गोसाईंबाग, चेचरिया, बस स्टैंड, अहिपुरवा मोड़, हेन्हो मोड़, बहियारी होते हुये भवनाथपुर मोड़ पर जाकर समाप्त हुआ। एसडीपीओ ने बताया की रामनवमी के त्योहार के मद्देनजर एसपी साहब के निर्देश पर शहर में सांकेतिक फ्लैग मार्च किया गया। सभी लोग शांति, सौहार्द व आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी का त्योहार मनायें। सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा, उनके साथ सख्ती से निपटने के लिये पुलिस तत्पर है। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार, रंजन कुमार, संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, संजय पासवान, राणा संजय सिंह, रामाशीष पासवान सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## राम दरबार मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न



बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** प्रखंड के केतात गांव में नव निर्मित श्री राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति सोमवार को महाभंडारे के साथ संपन्न हो गया। महाभंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह महायज्ञ के अंतिम दिन नव निर्मित मंदिर के गर्भ गृह में मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम अपने दरबार के साथ विराजमान हो गये। यज्ञ में विभिन्न प्रांतों से आये संतों को कमेटी की ओर से उन्हें वस्त्र व दक्षिणा देकर विदा किया गया। मौके पर शशिनाथ चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे, कांग्रेस नेता विजय कुमार चौबे, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार चौबे, अरविंद चौबे, बालजी चौबे, नवीन चौबे, राजेश चौबे, हर्षवर्धन चौबे, राजीव चौबे राजू, मारकंडे चौबे, गोल्डेन चौबे, अवध किशोर चौबे सहित गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रामलला मन्दिर में राम विवाह का जश्न, वनवास पर छायी उदासी

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** श्री राम लला मंदिर में आयोजित राम कथा के पांचवें एवं छठे दिन की कथा बहुत ही खुशियों एवं दुःखों से भरा रहा। महाराज कृष्णकांत जी ने पांचवें दिन की कथा में राम विवाह प्रसंग पर श्रोताओं को संबोधित करते हुये कहा कि मां सीता धरती पुत्र थी। राजा जनक के घर में जो धनुष था, उसमें 10 हजार हाथियों का बाल समाहित था। राजा जनक जी ने सीता जी को झाड़ू देने के दौरान एक हाथ से उस धनुष को उठाने का दृश्य देख लिया था। सीता जी धनुष को इस तरह उठाई मानो कोई तिनका हो। उसके बाद राजा जनक ने यह प्रण ले लिया की जो इस धनुष का भंजन करेगा। वही सीता का वर बनेगा। उसी से सीता का विवाह कराया जायेगा। इसके लिये उन्होंने स्वयंवर आयोजित की। जिसमें देवता से लेकर दानव तक शामिल हुये। हजारों भुजाओं वाला सहस्त्रबाहु, तीनों लोकों का विजेता दशानन रावण भी स्वयंवर का हिस्सा बना। सैकड़ो बलशाली राजाओं के साथ दो बालक राम और लक्ष्मण ने भी स्वयंवर में भाग लिया। हालांकि इन दोनों कोमल कुमारों के स्वयंवर में प्रवेश के दौरान वहां उपस्थित घमंडी बलशाली राजाओं उनकी खिल्ली भी उड़ाई। कहा कि उनके सामने ये बच्चे क्या चीज हैं। ये क्यों यहां आए हैं। अपनी शक्ति एवं उभरी भुजाओं पर अभिमान करने वाले एक-एक कर सभी राजा धनुष को हिलाने में भी असफल रहे। मौके पर रामलला मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्य, कमलापुरी वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। इसकी जानकारी श्री रामलला मन्दिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने दी।

## डीएफओ ने बैठक कर की जंगल को बचाने की अपील



**भवनाथपुर :** उतरी वन क्षेत्र के डीएफओ एबीन बेनी इब्राहिम ने प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से जंगल को बचाने की अपील की। डीएफओ ने बताया की जंगल, पहाड़ों से हमे ही नही जंगली जीव जंतुओं की जीने के लिए अनेक प्रकार के फायदे है। जिसे जानकारी के अभाव में या जन बूझकर कुछ लोग जंगल में लगे पेड़ पौधे और पहाड़ों को नुकसान पहुंचा रहे है जो कानून जुर्म है और वैसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने का भी वन विभाग के पास कानून है। कहा की लोग जंगल में अभी महुवा फल को चुनने के लिये अनावश्यक रूप से आग लगा रहे है जिससे पेड़ पौधे के साथ साथ जीव जंतु और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पहले जंगल को बचाने के लिए आम ग्रामीणों की जिमेवारी बनती है की इस पर रोक लगाये। इस तरह की घटना की सूचना मिलते ही आग बुझाये या वन विभाग को सूचित करे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि तासबीन अंसारी, वार्ड सदस्य, बीडीसी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## झामुमो के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक

# उलगुलान महारैली को सफल बनाने का निर्णय

बंशीधर न्यूज



**सगमा :** झामुमो के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक सोमवार को प्रखंड के सगमा गांव निवासी डॉ हरिदास यादव के आवास पर हुई। बैठक में रांची में आयोजित उलगुलान महारैली की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में झामुमो नेता व पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर किये गये अत्याचार के खिलाफ भाजपा के तानाशाही रवैये को मुंहतोड़ जवाब देने के लिये उलगुलान रैली आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 सीटों पर इंडिया महागठबंधन की जीत दर्ज हो इसके लिये लगातार कार्य किया जायेगा। ताकि भाजपा का यहां सुपड़ा साफ हो जाय। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा की 21 अप्रैल को उलगुलान महारैली को सफल बनाने को लेकर 20 अप्रैल को हम सभी लोग रांची चोपन ट्रेन के माध्यम से रांची के लिये रवाना होंगे। सगमा प्रखंड से 500 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा की रैली में इंडिया महागठबंधन के देश के बड़े नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उलगुलान रैली मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहत हुसैन, श्रवण सिंह, नंदलाल प्रसाद यादव, बुद्धि प्रसाद यादव, रामनाथ यादव, सुरेंद्र गुप्ता, सुनेश्वर यादव, सत्येंद्र कुमार यादव, अशोक कुमार, अहमद अंसारी, नईम अंसारी, राजेश्वर यादव, चंद्रकांत यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविका के निधन पर शोकसभा

**मेराल :** सेविका उषा देवी के असामायिक निधन पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। विगत शुक्रवार को इलाज के दौरान रिम्स रांची में रेजो हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका उषा देवी का असामायिक निधन हो गया था। महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ, कुमारी स्वास्तिका ने बताया कि उषा देवी अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहती थी, उनकी असामायिक निधन से परियोजना तथा गांव समाज के लिये अपूर्णीय क्षती हुई है। शोक सभा में आंगनबाड़ी सेविका संघ के जिलाध्यक्ष विभा रानी, श्याम दुलारी देवी, नागवंती देवी, पुष्पा देवी, जरीना खातून, खुश्बू गुप्ता, गीता देवी, सुमन देवी, सुषमा देवी, अजमेरुण खातून, अनिता देवी, प्रतिमा देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## ज्ञान निकेतन में गोद ली गयी छात्राओं को उपलब्ध करायी गयी शिक्षण सामग्री



**विश्रामपुर :** रेहला व बेलचम्पा में उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में सोमवार को गोद ली गई छात्राओ को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अमित कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने के बाद दीप जलाकर किया। निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक दायित्वों के तहत गोद ली गयी छात्राओ को शिक्षा के क्षेत्र में यथासंभव मदद करने का संकल्प लिया है। जिसे पूरा करने के लिए वे सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 10 वीं कक्षा के बाद भी अगर उन बच्चियों को किसी प्रकार की मदद की जरूरत हुई तो वे कभी पीछे नहीं हटेंगे। प्राचार्य दीपक तिवारी ने अपने संबोधन में निदेशक अमित कुमार सिंह के कार्यों की सराहना की। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक अजीत तिवारी, आभा चौबे, चंचल दीक्षित, अंजली आदि मौजूद थे।






# शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : लक्ष्मीकांत वाजपेयी




**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

## सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी स्थानीय कार्यकर्ताओं की : कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोर्चा की ओर से बनाए गए लोकसभा के प्रभारी सभी विधानसभा में मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक करने, गावों में किसानों के साथ बैठक करने, लाभार्थियों के साथ बैठक कर उनके लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताने की बात कही। उन्होंने सभी को प्रभावी किसानों की सूची बनाकर उनका सम्मेलन एवं किसान सभा आयोजित कर मोदी सरकार की देशहित एवं जनहित में किये गये कार्यों को बताने का टास्क दिया। साथ ही उन्होंने मोर्चा के कार्यकताओं से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर भी सहयोग करने की बात कही।

प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही एवं संगठन के निदेर्शानुसार विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी से अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मोर्चा के सभी कार्यकताओं से स्थानीय स्तर पर भी सहयोग कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान की बात कही।

# खूंटी में कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचायें : अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** खूंटी से भाजपा कार्यकताओं ने कई बार इतिहास रचा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार फिर खूंटी से कमल को खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचायें। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही।

अर्जुन मुंडा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को स्थानीय नेताजी चौक के समीप विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। मुंडा ने कहा कि हम रामनवमी का त्योहार मनायेंगे। त्योहार का उत्साह और दोगुना हो जाता है, जब हम देखते हैं कि 500 साल के बाद राम लला अयोध्या में विराजमान हुए हैं। खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का संकल्प लिया है। देश को ऐसे नेता की जरूरत है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाये और ऐसा नेता केवल नरेंद्र मोदी ही है। उन्होंने कहा कि खूंटी से भी एक कमल का फूल खिलायें। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र से दिखाई पड़ता है कि आनेवाले समय में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। खूंटी से कोई और जितेगा, तो केवल संख्या बल बढ़ाने का काम करेगा, अर्जुन मुंडा को जितायेंगे, तो वे प्रधानमंत्री के कैबिनेट में शामिल होंगे। सभा को खूंटी प्रभारी रविंद्र राय ने भी संबोधित किया। मौके पर सत्यनारायण सिंह, काशीनाथ महतो, संतोष जयसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### झामुमो और झापा के लोग भाजपा में

खूंटी संसदीय क्षेत्र के बानो प्रखंड के झामुमो और झारखंड पार्टी के कई कार्यकताओं ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। खूंटी में भाजपा के चुनाव चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय ने माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा देकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होनेवाले लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति-सिद्धांत से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा का दमन थामने वालों में झामुमो के बानो प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक, प्रखंड सचिव कपिल कांत सिंह, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, अमर सिंह, हेमनाथ सिंह, बिलसन हेमरोम, कमल बड़ाईक, जोसेफ मुंडा, चमना मुंडा, बिनरल मुंडा, राहुल लहेरी, विकास खुराना कें अलावा झारखण्ड पार्टी के पंचायत अध्यक्ष परमानंद सिंह, राजीव कुमार सिंह, पिंकू सिंह, रिंकू सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

# मोदी की गारंटी पर देश को है पूरा भरोसा : बाबूलाल

**रांची।** झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प-मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे।



इस दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता स्वीकार करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पार्टियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं, मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया, जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने 70 साल पूरा करने वाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उन्हें भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में चार करोड़ से अधिक आवास दिया। आने वाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा। मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरुषों को और सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में रेल, हवाई सेवा, सड़क निर्माण कार्यों का विस्तार हुआ है। दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन प्लान भी महत्वपूर्ण है। मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जा रहा है। मोहनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा पर हमला मामले के सवाल पर मरांडी ने कहा कि यह झामुमो नेताओं की हताशा है। उन्होंने हार मान ली है इसलिए हमारे उम्मीदवारों को जगह-जगह रोक रहे हैं। झारखंड की जनता इन्हें समझ चुकी है, इसलिए वे अब हताशा में ऐसा कर रहे हैं। वहां का वीडियो देखने से पता लग जायेगा कि झामुमो वाले इस मामले में कितना झूठ बोल रहे हैं।

# महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं कल्पना सोरेन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में कल्पना मुर्मू सोरेन की एंट्री झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव है। राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना है कि वह हेमन्त सोरेन से कम नहीं हैं। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सोच और दृष्टि बहुत कुछ बयां करती है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के अंदर भी कल्पना सोरेन डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं। चाहे सीट बंटवारे का फामूर्ला तय करना हो या अन्य हरेक राजनीतिक गतिविधियों पर कल्पना सोरेन की निगाहें रहती हैं। कुछ दिन पहले ही कल्पना सोरेन की महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद और अन्य दलों के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें कल्पना सोरेन खुद लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर वार्ता करती दिखीं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कल्पना सोरेन कुछ दिन पहले ही दिल्ली जाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस देते दिखी थीं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे झारखंड के साथ-साथ बाहर दूसरे राज्यों में भी महागठबंधन के साथ मंच साझा करेंगी। शायद यही वजह भी रही होगी कि कल्पना सोरेन महागठबंधन झारखंड में स्टार प्रचारक के रूप में हर जिले का दौरा भी कर रही हैं। बहरहाल लोकसभा चुनाव 2024 का आगामी परिणाम निर्णयक होगा। राज्यवासियों को यही चुनावी परिणाम बताएगा कि राजनीति में वाकई कल्पना सोरेन का बड़ा कद है या फिर कल्पना सोरेन सिर्फ राजनीतिक कल्पनाओं में फीट बैठती हैं।



झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी में कोई भी नया सदस्य जुड़ता है तो इसका व्यापक लाभ मिलता है। कल्पना सोरेन के आने के बाद निश्चित तौर पर महागठबंधन को संगठनात्मक रूप से लाभ मिल रहा है। वैसे भी उनके पति (पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) के साथ जो अन्याय हुआ है, राज्यवासियों की उनसे भरपूर सहानुभूति है। किसी भी देश या परिवार के साथ हुए अन्याय पर सहानुभूति मिलती ही है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)